## न्यूज डायरी



### नेपाली राजदूत बोले–चीन नहीं भारत ने नेपाल की जमीन पर किया कब्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। चीन की गोद में बैठ चुकी नेपाल की ओली सरकार अब पूरी तरह से ड्रैगन के सुर में सुर मिलाने लगी है। नेपाल की जमीन पर कब्जा करने वाले चीन में नेपाल के राजदूत महेंद्र बहादुर पांडे ने आरोप लगाया है कि भारतीय मीडिया पेइचिंग और काठमांडू को लेकर फर्जी खबरें दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि चीन ने नहीं बल्कि भारत ने नेपाल की जमीन पर कब्जा किया है। नेपाली राजदूत पांडेय देश के विदेश मंत्री रह चुके हैं और उन्होंने पीएम मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर उनसे सबसे पहले मुलाकात की थी। नेपाल के राजदूत का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब खुद नेपाल की मीडिया ने चीन के जमीन पर कब्जा करने का खुलासा किया था। चीन के सरकारी भोपू ग्लोबल टाइम्स को दिए साक्षात्कार में नेपाली राजदूत ने कहा कि भारतीय मीडिया ऐसा डर की वजह से कर रहा है। नेपाल हमेशा से ही एक स्वतंत्र देश रहा है जबकि भारत एक उपनिवेश रह चुका है। हम किसी समूह की तरफ झुकाव नहीं रखते हैं।

### आर्मेनिया और अजरबैजान की जंग में कम से कम 24 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** येरेवान (आर्मेनिया)। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच विवादित अलगाववादी क्षेत्र नागोरनो–काराबाख को लेकर शुरू हुई लड़ाई तेज हो गई है। दोनों ही देशों के बीच छिड़ी इस जंग में अब तक 24 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। इस बीच तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगान ने आर्मेनिया को धमकी दी है और अजरबैजान के खुलकर समर्थन का ऐलान किया है। एर्दोगान ने विश्‍व समुदाय का आह्वान किया कि वह इस क्रूरता के खिलाफ लड़ाई में उनके साथ आएं। उधर, आर्मेनिया के परंपरागत सहयोगी रूस ने तत्काल सीजफायर का ऐलान करने और हालात को स्थिर करने के लिए बातचीत का आह्वान किया है। इस बीच आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अब तक 17 सैनिक और दो आम नागरिक मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### ट्रंप को झटका, अमेरिकी संघीय जज ने टिकटॉक पर बैन को स्थगित किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी संघीय जज ने देश में मध्यरात्रि से चीनी वीडियो शेयरिंग ऐप टिकटॉक पर बैन लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के फैसले को स्थगित कर दिया है। हालांकि नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव के एक सप्ताह बाद व्यापक प्रतिबंध का फैसला बना रहेगा। यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कोलंबिया के जज कार्ल निकोलस ने नवंबर में लगने वाले बैन को स्थगित करने इनकार कर दिया। जज निकोलस ने यह आदेश रविवार सुबह को आपातकालीन सुनवाई के बाद दिया। इससे पहले सुनवाई के दौरान टिकटॉक के वकीलों ने दलील दी थी कि ट्रंप प्रशासन के टिकटॉक को बैन करने के इस फैसले से संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा और इससे बिजनस भी प्रभावित होगा। जज ने अपने फैसले के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से नहीं बताया।

### अफगानिस्तान में सुरक्षाबलों ने मार गिराए 35 आतंकवादी, 15 घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान के अलग–अलग हिस्सों में बीते 24 घंटों के भीतर सुरक्षाबलों के साथ झड़प के दौरान तकरीबन 35 तालिबानी आतंकवादी मारे गए जबकि 17 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। अधिकारियों के हवाले से टोलो न्यूज ने बताया कि विद्रोहियों के कई सामानों को भी सुरक्षाबलों ने नष्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, गजनी प्रांत के आब बंद जिले में 6 आतंकवादी मारे गए जबकि 5 घायल हुए। इसके अलावा जाबुल प्रांत के शार–ए–सफा जिले में अफगान वायु सेना के हवाई हमले में कम से कम 15 तालिबानी मारे गए। साथ ही आतंकियों के पास से मोटरसाइकिल समेत तालिबान के हथियार और वाहन भी नष्ट किए गए। साथ ही उत्तरी समंगान प्रांत में भी कम से कम 14 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया।

# भारत के एजेंट हैं नवाज शरीफ मोदी से करते हैं चुपके–चुपके बात

**आरोप**

## पाकिस्तानी मंत्री शेख रशीद ने नवाज शरीफ पर बोला हमला

- बड़बोले रेलमंत्री शेख रशीद ने कहा है कि नवाज शरीफ भारत के एजेंट हैं
- पाक में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भारत और पीएम मोदी का नाम लेकर आलोचना



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की आलोचना करने के बाद अब पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भारत और पीएम मोदी का नाम लेकर इमरान की पार्टी ने घेरना शुरू कर दिया है। इमरान खान के बड़बोले रेलमंत्री शेख रशीद ने कहा है कि नवाज शरीफ भारत के एजेंट हैं और नरेंद्र मोदी को देश के बाहर जाकर फोन करते हैं।

शेख रशीद ने नवाज शरीफ पर यह आरोप ऐसे समय पर लगाया है जब विपक्षी दलों के पाकिस्तानी सेना प्रमुख के साथ मुलाकात का मामला गरम होता जा रहा है। शेख रशीद ने कहा कि नवाज शरीफ के सेना विरोधी भाषण की वजह से उसका भारतीय मीडिया में जोरदार कवरेज किया गया। उधर, प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी कहा है कि नवाज शरीफ ने देश की सेना की आलोचना करके भारत का पक्ष लिया है।

**नवाज शरीफ ने देश को बांटने का प्रयास किया:** रशीद ने इमरान से एक कदम आगे बढ़ते हुए उन्हें भारत का एजेंट करार दे दिया। रशीद ने कहा कि नवाज शरीफ ने देश को बांटने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश के बाहर जाकर नवाज शरीफ भारत के प्रधानमंत्री से बात करते हैं। उन्हें इसकी पूरी जानकारी देश के सामने रखनी चाहिए। रशीद ने कहा कि नवाज शरीफ को यह बताना चाहिए कि उन्होंने कितनी ओसामा बिन लादेन से मुलाकात की और उन्हें कतर से कितना दान मिला था।

बता दें कि गत वर्ष शेख रशीद पीएम मोदी का नाम लेते ही बिजली के जोरदार झटके का शिकार हो गए थे। बिजली झटका लगते ही शेख रशीद डर गए और अपना भाषण रोक दिया। बाद में उन्होंने स्थिति को संभालते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी उनके जलसे को नाकाम नहीं कर सकते हैं। रशीद ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में अपनी सबसे बड़ी गलती की। भारत ने दो बड़ी गलती की है। पहला 5 परमाणु धमाके किए और हमने उसके जवाब में 6 धमाके कर दिए। कश्मीर में भारत ने दूसरी सबसे बड़ी गलती की है। रशीद भाषण दे रहे थे कि उसी समय उनको करंट लग गया। करंट लगने से डर गए लेकिन बाद में किसी तरह खुद को संभाला। उन्होंने कहा, बहुत तगड़ा करंट लगा।

## एन95 का अब दोबारा किया जा सकेगा इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ह्यूस्टन। कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के बावजूद छ95 मास्क जैसे सुरक्षात्मक उपकरणों की कमी की वजह से इनका दोबारा इस्तेमाल करने को मजबूर स्वास्थ्य कर्मियों की इस समस्या का वैज्ञानिकों ने समाधान ढूंढ लिया है। शोधकर्ताओं ने एन95 मास्क को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए ऊष्मा और नमी का संयोजन करके उसे संक्रमण–मुक्त करने का एक नया तरीका खोजा है।

हालांकि, ऊर्जा विभाग के एसएलएसी नेशनल एक्सीलिरेटर लेबोरेटरी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास की चिकित्सकीय शाखा के शोधकर्ताओं ने पाया कि उच्च सापेक्ष आर्द्रता में धीरे–धीरे एन 95 मास्क को गर्म करने से उनकी गुणवत्ता में गिरावट के बिना मास्क के भीतर फंसे सार्स–कोव–2 वायरस को निष्क्रिय किया जा सकता है।

इस शोध–पत्र के वरिष्ठ लेखक स्टैनफोर्ड के भौतिक विज्ञानी स्टीवन चू ने कहा, 'यह वास्तव में एक समस्या है, इसलिए यदि आप कुछ दर्जन बार मास्क को रीसाइकल करने का तरीका ढूंढ सकते हैं, तो यह समस्या दूर हो जाती है।' चू ने कहा, 'आप प्रत्येक डॉक्टर या नर्स की कल्पना कर सकते हैं कि उनके पास एक दर्जन से अधिक मास्क का अपना निजी संग्रह होने जा रहा है।




**वैकूवर में चीन के खिलाफ कनाडा और भारतीयों का प्रदर्शन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वैकूवर। कनाडाई नागरिकों की गिरफ्तारी के विरोध में वैकूवर स्थित चीनी वाणिज्य दूतावास कार्यालय के बाहर कनाडा और भारतीय संगठनों ने चीन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चीन की कम्युनिष्ट पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारी संगठनों ने कनाडाई नागरिकों की रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारी चीन के नए हांगकांग राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का विरोध किया। इसके साथ प्रदर्शनकारी हांगकांग, तिब्बत और भारतीय हिस्से को मुक्त करने की मांग रखी।

## लंदन में नवाज शरीफ के घर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने लगाए चोर–चोर के नारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के लंदन स्थित आवास के बाहर 20 से अधिक प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए और उन्होंने शरीफ के खिलाफ नारेबाजी भी की। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट के जरिए मिली है। डॉन न्यूज के पास उपलब्ध फुटेज के अनुसार, रविवार की शाम को शरीफ के निवास के बाहर 20 से अधिक युवक चेहरे पर मास्क और हुड लगाकर जमा हुए।

इन प्रदर्शनकारियों ने 'गो नवाज गो' के नारे लगाए। उनमें से कई ने अपने हाथ में तख्तियां भी रखी हुईं थीं, जिनमें लिखा है, प्रदर्शनकारियों ने पंजाबी भाषा में गालियां दी और नारे लगाए 'हम पाक सेना के साथ हैं' और 'नवाज शरीफ चोर है'। शरीफ के पारिवारिक सूत्रों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पंजाबी भाषा में गालियां दी और नारे लगाए। शाम को 4 बजे शहर की पुलिस को इस घटना के बारे में सूचना दी गई। लेकिन जब तक पुलिस पहुंची भीड़ तितर–बितर हो चुकी थी, हालांकि वे तख्तियां को वहीं छोड़ गए थे।

सूत्रों ने बताया कि मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को यह विरोध शरीफ के उस वीडियो संबोधन के बाद हुआ है जिसमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) सुप्रीमो ने राजनीतिक मामलों में सेना के कथित हस्तक्षेप की आलोचना की थी। पद से हटाए गए प्रधानमंत्री शरीफ नवंबर 2019 से चिकित्सा आधार पर मिली जमानत पर ब्रिटेन में हैं।

इसके लिए उन्होंने पाकिस्तान की तहरीक–ए–इंसाफ सरकार से भी अनुमति ली थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने इसी महीने की शुरुआत में अल–अजीजिया और एवेनफील्ड संपत्तियों के मामले में शरीफ की उस अपील को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की थी।

## ट्रंप ने दिया मात्र 55 हजार रुपये इनकम टैक्स, मचा बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के बीच रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इनकम टैक्स अदायगी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। ट्रंप ने पिछले 15 साल में 10 साल टैक्स नहीं दिया। यही नहीं उन्होंने वर्ष 2016 और वर्ष 2017 में केवल 750 डॉलर टैक्स दिया। ऐसा तब है जब डोनाल्ड ट्रंप ने 42 करोड़ डॉलर से ज्यादा रुपये की कमाई की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कुल संपत्ति 2.1 अरब है। कोरोना वायरस महामारी में उनकी संपत्ति में एक अरब डॉलर की कमी आई है। पिछले कई सालों से ट्रंप ने अपने ट्रैक्स रेकॉर्ड को सार्वजनिक नहीं किया है। यही नहीं वह इसे छिपाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अभी टैक्स का ऑडिट चल रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने अपने बिजनस साम्राज्य में भारी नुकसान दिखाकर टैक्स कम रखा है। ट्रंप ने दावा किया है कि वर्ष 2018 में उन्हें 4 करोड़ 74 लाख डॉलर का नुकसान हुआ। वह भी तथ्य जब उन्होंने इसी वित्तीय वर्ष में 43 करोड़ 49 लाख डॉलर की आय दिखाई थी।